(iii) Repayment of crop loan granted by the Coffee Board has been rescheduled ;

(iv) The rate of REP licence has been increased from 4% to 10% in the new Import-Export Policy.

Apart from the above, coffee is already exempt from the purview of export duty. A cash compensatory support at the rate of 20% is provided on the exports of instant coffee in 100 gm tins and 18% on its export in bulk.

बिहार में गया काटन मिल को पुनः चालू किया जाना

486. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा बिहार में गया काटन मिल को पुनः चालू किये जाने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ; और

(ख) क्या सरकार उक्त मिल के मजदूरों की हालत को देखते हुये उन्हें किन्हीं अन्य मिलों में रोजगार देने पर विचार कर रही है ?

वस्त्र मंत्री, साथ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री शरद यादव) : (क) एन०टी०सी० (डब्ल्यू०बी०) लि., कलकत्ता के अधीन एक वस्त्र एकक गया काटन एंड जूट मिल्स पहले ही प्रचालन में है । इस मिल के कार्य-निष्पादन में सुधार लाने के लिये 1 करोड़ रु० के परिव्यय वाली आधुनिकीकरण योजना बनाई गई है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

देश में दस शीर्षस्थ व्यापारिक प्रतिष्ठानों की ओर आयकर की बकाया राशि

487. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में सबसे अधिक आयकर देने वाले उन शीर्षस्थ व्यापारिक प्रतिष्ठानों के नाम क्या हैं जिन्होंने गत वर्ष के दौरान आयकर दिया है ;

(ख) प्रत्येक मामले में कितनी राशि देय थी, कितनी राशि का भुगतान किया गया और कितनी राशि बकाया है ; और

(ग) सरकार द्वारा बकाया राशि को वसूल करने के लिये क्या कार्यवाही की गयी है ?

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्री अनिल शास्त्री) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

Measures to Encourage Agricultural Exports

488. SHRI VIREN J. SHAH : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether Government have received the Report of the Committee appointed by Board of Trade to recommend policy measures to encourage agricultural export;

(b) if so, what are the main recommendations contained therein alongwith the major objectives to be achieved thereby ; and

(c) what action has been taken by Government on the basis of the report ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI ARANGIL SREEDHARAN) : (a) Yes, Sir.